खास-खबरें

भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष ने सेवा बस्ती में मनाई दिवाली

शाजापुर। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने रविवार को शाजापुर की सेवा बस्ती में बच्चों और उनके परिवारों के साथ दीपावली का त्योहार मनाया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को मिठाई और अन्य उपहार सामग्री वितरित की।

कब्रिस्तान की जमीन विवाद पर खूनी संघर्ष, हथियारबंद भीड़ ने घर को घेरा

शाजापुर। जिले के ग्रामीण अंचल टपका में कब्रिस्तान की भूमि को लेकर सुलग रहा विवाद बड़े हिंसक संघर्ष में तब्दील हो गया। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि करीब सौ लोगों की हथियारबंद भीड़ ने एकराय होकर उनके घर पर धावा बोल दिया। जान बचाने के लिए परिवार को भारी जद्दोजहद करनी पड़ी और इस खौफनाक मंजर में परिवार के कई सदस्य घायल हो गए हैं। अब पीड़ितों ने पुलिस और प्रशासन से पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच कर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित पक्ष के अनुसार, घटना वाले दिन बड़ी संख्या में लोग लाठी-डंडों, पत्थरों और धारदार हथियारों से लैस होकर उनके घर के बाहर एकत्र हो गए। परिवार का आरोप है कि यह कोई अचानक हुआ विवाद नहीं था, बल्कि एक सोची-समझी साजिश के तहत किया गया जानलेवा हमला था। हमलावरों ने घर को चारों ओर से घेर लिया और भीतर घुसने का प्रयास किया। इस दौरान हमलावरों द्वारा घर में जमकर तोड़फोड़ और मारपीट की गई, जिससे घर के भीतर दहशत फैल गई। हमले से बचने के लिए परिवार के कुछ सदस्य घर के भीतर छिप गए, जबकि कुछ ने छत पर शरण ली। पीड़ितों का कहना है कि जब नीचे से भीड़ का हमला तेज हुआ और घर में घुसने की कोशिश की गई, तो अपनी जान बचाने के लिए छत पर मौजूद लोगों को विवश होकर बचाव में पत्थर फेंकने पड़े। परिवार की मांग है कि पुलिस प्रशासन इस पूरी परिस्थिति का आकलन आत्मरक्षा के दृष्टिकोण से भी करे। इस भयानक हमले में एक ही परिवार के कई सदस्य चोटिल हुए हैं। घायलों में बंटी उर्फ अलादीन, नईमुद्दीन उर्फ सरफुद्दीन, दिलशाद उर्फ सरफुद्दीन, भूरी बी पति शहाबुद्दीन, फखरुद्दीन खान पिता शमशाद खान और शमशाद खां शामिल हैं। पीड़ित परिवार का कहना है कि मौके का पूरा सच आसपास के घरों और स्थानीय मस्जिद पर लगे कैमरों में कैद है। इन कैमरों में दर्ज दृश्यों की जांच करने से यह पूरी तरह साफ हो जाएगा कि हमलावर कितनी संख्या में थे, घर को किसने घेरा, हथियारों से हमला किसने किया और छत से बचाव किन परिस्थितियों में किया गया। परिवार ने जिला प्रशासन और पुलिस के आला अधिकारियों से मांग की है कि सभी संबंधित कैमरों के मुख्य रिकॉर्डिंग को तत्काल सुरक्षित कब्जे में लिया जाए। बिना किसी भेदभाव के इन दृश्यों की बारीकी से जांच की जाए और घटना में शामिल सभी दोषियों की पहचान कर उन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



सतगांव की मां नर्मदा गौशाला में विधायक भीमावद ने की गोवर्धन पूजा



शाजापुर। समीपस्थ ग्राम सतगांव स्थित मां नर्मदा गौशाला में सोमवार को विधायक अरूण भीमावद ने विधि-विधान के साथ गोवर्धन पूजा की। इस दौरान उन्होंने गौमाता का पूजन कर जिलेवासियों के सुख, समृद्धि, खुशहाली एवं कल्याण की कामना की। विधायक भीमावद ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा गोवर्धन पूजा को शासकीय स्तर पर मनाने की पहल का उद्देश्य धार्मिक परंपराओं को प्रोत्साहन देने के साथ समाज को गौसेवा और गौसंरक्षण से जोड़ना है। शासन द्वारा गौशालाओं के निर्माण एवं संचालन के लिए आर्थिक सहयोग दिया जाता है, लेकिन समाज की सहभागिता से ही इनका बेहतर संचालन संभव हो रहा है। विधायक ने पुरानी व्यवस्था का जिक्र करते हुए कहा कि पहले ग्रामीण क्षेत्रों में एक-एक परिवार के पास 10 से 20 तक गायें होना सामान्य बात थी, जबकि कई परिवारों के पास 50 या उससे अधिक गाय-भैंस भी होती थीं। पशुपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार था। दूध उत्पादन से परिवारों को हर 7 से 10 दिन में नियमित आमदनी प्राप्त होती थी, जिससे घरेलू खर्च पूरे होते थे और खेती की आय बड़े कार्यों में उपयोग होती थी। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि समय के साथ पशुपालन में कमी आई है।

महाकाल मंदिर में दीपावली की धूम, बाबा को उबटन लगाकर गर्म जल से कराया स्नान

नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैन : दीपावली के पर्व पर अवंतिका नगरी के महाकालेश्वर मंदिर में उत्साह और भक्तिमय माहौल रहा। दीपोत्सव के अवसर पर प्रात:कालीन भस्म आरती में बाबा महाकाल का विधिवत पंचामृत अभिषेक किया गया। इसके बाद मंदिर के पुजारी परिवार की महिलाओं ने बाबा को उबटन लगाया और सुगंधित द्रव्यों व चंदन के तेल से अभ्यंग स्नान कराया। भांग से आकर्षक श्रृंगार कर सुपारी से नजर उतारी गई और कर्पूर आरती की गई।

शीतकाल के आरंभ के साथ ही परंपरा के अनुसार रविवार से बाबा महाकाल को ठंडे पानी के स्थान पर गर्म जल से स्नान कराया गया। इसके बाद शासकीय अन्नकूट का महाभोग अर्पित किया गया। भस्म आरती के दौरान फुलझड़ियां जलाकर दीपोत्सव मनाया गया। रुद्र सूक्त के मंत्रोच्चार के बीच महाआरती संपन्न हुई।

शाम 4 बजे महाकालेश्वर मंदिर परिसर में महालक्ष्मी पूजन का आयोजन किया गया। मंदिर के सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने मंदिर की केश शाखा और कोठार शाखा में विधि-विधान से लक्ष्मी पूजन किया। पंडित संदीप गुरु ने पूजन संपन्न कराया। इस अवसर पर मंदिर के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। पूजन के बाद सहायक प्रशासक ने सभी कर्मचारियों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं और प्रसाद वितरित किया। भस्म आरती के दौरान रुद्र सूक्त के मंत्रोच्चार और फुलझड़ियों की रोशनी से मंदिर परिसर जगमगा उठा। बाबा महाकाल को अन्नकूट का भोग अर्पित किए जाने पर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह रहा।



पूर्व शिक्षा अधिकारी की मां को लगी गोली, पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा

'गोली कैसे चली' जांच में जुटी पुलिस



शाजापुर। शहर के शरद नगर में पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी की 79 वर्षीय मां की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो गई। घटना से पूरे इलाके और प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है, लेकिन 'गोली कैसे, क्यों और किन परिस्थितियों में चली?' यह सवाल अब भी एक बड़ा रहस्य बना हुआ है। पुलिस ने घटनास्थल को सील कर दिया है और फोरेंसिक टीम की मदद से इस सनसनीखेज घटना की तह तक जाने में जुट गई है।

छोटे बेटे के घर गई थीं, कंधे पर लगी गोली

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 79 वर्षीय मृतका उषा दुबे अपने बड़े बेटे विवेक दुबे के साथ रहती थीं। रविवार दोपहर करीब 12 बजे वह दीपावली की साफ-सफाई और तैयारियों के सिलसिले में अपने छोटे बेटे विजय दुबे के घर गई हुई थीं। शरद नगर में दोनों भाइयों के मकान आसपास ही स्थित हैं। छोटे बेटे के घर पर ही अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में उनके कंधे के पास गोली लग गई। गंभीर रूप से घायल और लहूलुहान अवस्था में उषा दुबे को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटनास्थल सील, हर एंगल से हो रही जांच

घटना की भनक लगते ही एसडीओपी कीर्ति बघेल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए उस कमरे को तुरंत सील कर दिया है, जहां यह गोलीकांड हुआ। मौके पर बुलाई गई फोरेंसिक टीम ने फिंगरप्रिंट, गन पाउडर के अंश और अन्य महत्वपूर्ण वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्रित किए हैं। फिलहाल पुलिस मामले की बारीकी से पड़ताल कर रही है।

जांच के बाद ही साफ होगी तस्वीर

एसडीओपी कीर्ति बघेल ने बताया कि लालघाटी थाना क्षेत्र के शरद नगर में गोली चलने की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची थी। उषा दुबे की मौत गोली लगने के कारण ही हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी की जा चुकी है। फिलहाल मौत के असल कारणों और गोली चलने की सटीक परिस्थितियों का पता लगाने के लिए फोरेंसिक जांच और परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

विधायक ने मुक्तिधाम का मुआयना किया



नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदा : क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने पाराशरी स्थित मुक्तिधाम का मोआयना किया वहां पर आने वाली समस्याओं को उनकी जानकारी में लाया गया खास तौर पर मुक्तिधाम कैंपस में अंत्येष्टि के लिए बनाए गए शेड और चबूतरे नगर की आबादी को देखते हुए कम पड़ने लगे हैं।

कई मर्तबा ऐसा दौर भी आया है कि सभी चबूतरों पर अंत्येष्टि हो रही हैं अभी 28 अक्टूबर को पाराशरी मुक्ति धाम में अंत्येष्टि के सभी चबूतरों पर अग्नि संस्कार चल रहे थे कोई भी चबूतरा खाली नहीं था नगर की बढ़ रही आबादी ही इसमें मुख्य कारण है शहर और बेतवा रिपटा घाट के श्मशान घाट को मिलाकर कुल पांच श्मशान घाट हैं जहां पर अंतिम संस्कार होते हैं नदी पाराशरी का मुक्तिधाम शहर के सेंटर में होने से सर्वाधिक उपयोग होता है इसलिए वहां पर चबूतरों की संख्या बडाई जावे इस आशय की बात बुद्धिजीवी वर्ग द्वारा विधायक के संज्ञान में लाई गई तब विधायक ने स्थल निरीक्षण कर कहा कि एक शेड में तीन-चबूतरे और बनवा दिए जाएं उसमें लगने वाली राशि की मैं व्यवस्था कर दूंगा विधायक के आश्वासन पर इस दिशा में कार्य गतिशील है।

वार्ड 23 के वाशिंदों ने ज्ञापन दिया



नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदा : नगर के वार्ड नंबर 23 तिरंगा चौक से सिरोंज चौराहे तक के निवासियों ने ड्रेनेज निर्माण के लिए नगर पालिका में सांसद प्रतिनिधि भाजपा नेता देवेंद्र यादव को एक ज्ञापन सोंपा है।

नागरिकों ने मांग को है कि तिरंगा चौक से गोयल पेट्रोल पंप तक के क्षेत्र में निस्तारी एवं बरसात का पानी निकालने कोई व्यवस्थित नाली नहीं है ड्रेनेज के अभाव में पानी मकानों के सामने अथवा सड़क पर बहता रहता है जिससे गंदगी फैलती रहती है नागरिकों ने है मांग की है कि तिरंगा चौक से दुल्हन गार्डन होते हुए गोयल पेट्रोल पंप के पास स्थित नाले तक ड्रेनेज बनाई जावे जिससे पानी निकल सके और इस क्षेत्र के नागरिकों को गंदगी से निजात मिले आवेदन पर कोई दो दर्जन नागरिकों ने हस्ताक्षर किए हैं जिनमें प्रमुख रूप से इस्तकार अहमद शमीम मंसूरी, शेर सिंह दांगी,वीर सिंह रघुवंशी एवं कमल सिंह रघुवंशी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

घरों और मंदिरों में गोवर्धन पूजा कर मांगी समृद्धि, गांवों में निभाई छेड़ा खेल परंपरा

नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुर : धन की देवी मां लक्ष्मी से समृद्धि की कामना के बाद नगरवासियों ने सोमवार को गोवर्धन भगवान का पूजन कर सुख-शांति की कामना की। गोबर से बने गोवर्धन का विधि-विधान से पूजन कर मान्यता अनुसार गाय के द्वारा कुचला गया। उल्लेखनीय है कि दीपोत्सव के अगले दिन प्राचीन परंपरा का निर्वहन किया जाता है, जिसके चलते शहर के मंदिरों में गोवर्धन पर्वत स्वरूप गोबर से पर्वत का निर्माण कर उसकी पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की गई। गोर्वधन पूजा के साथ ही लोगों ने गोवंश की पूजा-अर्चना भी की। इस दिन पशुओं का विशेष श्रंगार किया गया और उनकी पूजा कर आतिशबाजी कर लोगों ने अपने उत्साह का परिचय दिया। साथ ही घरों की दहलीज पर महिलाओं ने रंगोली सजाकर दीपक जलाए।



गांव में खेला छेड़ा

दीपावली पर्व के बाद ग्रामीण अंचलों में आज भी परंपरागत ढंग से छेड़ा खेलने की रस्म निभाई जाती है। इसीके चलते ग्राम साप्टी सहित आसपास के गांवों में गोवंशों के साथ युवाओं के द्वारा छेड़ा खेला गया। ग्रामीणों ने बताया कि परंपरानुसार लाठी पर चमड़ा और हरी झाड़ी लगाकर गोवंश को छेडकर जोर आजमाईश की जाती है। इसी अनूठी रस्म को इस वर्ष भी निभाया गया। इस आयोजन को देखने के लिए सैकड़ों लोगों की भीड़ गांवों में जमा रही।

गवली समाज ने निभाई परंपरा: प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गवली समाज द्वारा गोबर से बने गोवर्धन की पूजा अर्चना की गई। वहीं पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए बच्चों को गोबर में लेटाया गया। समाजजनों ने बताया कि इस तरह बच्चों को गोबर से बने गोवर्धन पर्वत पर लेटाने से वह वर्ष भर स्वस्थ्य रहते हैं।

जगमग रोशनी से सराबोर हुआ शाजापुर, दीपों के पर्व पर रंगोली से दिया गौसेवा का अनूठा संदेश

नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुर : दीपों और खुशियों का महापर्व दीपावली जिलेभर में अपार श्रद्धा, उमंग और उत्साह के साथ मनाया गया। एक ओर जहां पूरा शहर घरों की सजावट, दीपमालाओं की जगमगाहट और पटाखों की गूंज से सराबोर नजर आया, वहीं इस बार दीपोत्सव पर सनातन संस्कृति और गौसेवा का एक बेहद खास संदेश भी दिया गया। गौरक्षा सेना ने अपनी कलात्मक रंगोली के जरिए इस महापर्व को एक नया और प्रेरणादायक स्वरूप प्रदान किया। पर्व को लेकर अलसुबह से ही बाजारों में खासी रौनक देखने को मिली और दुकानें पूरी तरह से सज-धज कर तैयार थीं। महिलाओं और युवतियों ने अपने घरों व प्रतिष्ठानों की दहलीज पर सतरंगी रंगोलियां सजाईं। गोधूलि बेला और शुभ मुहूर्त में व्यापारियों सहित आमजन ने स्वस्तिक और श्रीयंत्र के साथ महालक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि व वैभव की कामना की। शहर के तालाब की पाल स्थित एकमात्र गजलक्ष्मी मंदिर में भी विशेष पूजा-पाठ का दौर चला। महापूजा के बाद बच्चों से लेकर उम्रदराज लोगों तक ने जमकर आतिशबाजी का लुत्फ उठाया, जिससे देर रात तक आसमान रंग-बिरंगी रोशनी से दमकता रहा।



'गौमाता बचेगी तो देश बचेगा'

दीपावली के इस पावन अवसर पर गौरक्षा सेना शाजापुर ने अपनी 17 वर्षों की अनवरत सेवा भावना को समाज के सामने एक अनूठे रूप में प्रस्तुत किया। संगठन के संस्थापक धर्मेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में नगर सचिव चिंटू परमार द्वारा एक अद्भुत और आकर्षक रंगोली बनाई गई। इस रंगोली में गौमाता के खंदोल पर भगवान शिव के शिवलिंग की सुंदर आकृति उकेरी गई। इसके माध्यम से यह दर्शाया गया कि गौमाता में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास है और भगवान शिव का उनसे गहरा आध्यात्मिक संबंध है। इस दौरान 'गौमाता बचेगी तो देश बचेगा' के ध्येय वाक्य के साथ संस्थापक धर्मेन्द्र शर्मा ने समाज से आह्वान किया कि गौमाता हमारी संस्कृति, आस्था और सनातन परंपरा का अभिन्न अंग हैं, अत: प्रत्येक व्यक्ति को उनके संरक्षण एवं सेवा के लिए आगे आना चाहिए।

उज्जैन में रात 2 बजे शुरू हुआ सफाई अभियान सुबह होते ही चमक उठीं शहर की सड़कें

नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैन : दीपावली पर जमकर हुई आतिशबाजी के बाद सड़कों पर बारूद और पटाखों का कचरा जमा हो गया था। ऐसे में नगर निगम ने विशेष सफाई अभियान चलाकर सुबह होने से पहले ही शहर की सड़कों को साफ कर दिया। रविवार रात 2 बजे नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के नेतृत्व में निगम का पूरा अमला सफाई कार्य में जुट गया।

निगम आयुक्त स्वयं अधिकारियों के साथ रातभर सड़कों पर गश्त कर सफाई व्यवस्था का जायजा लेते रहे। अभियान में 15 से अधिक ट्रैक्टर-ट्रॉलियां, डंपर, छह जेसीबी और सड़क सफाई मशीनें लगाई गईं। इनकी मदद से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पटाखों के अवशेष और अन्य कचरे को हटाया गया। सफाई का निरीक्षण करते हुए आ02युक्त मालीपुरा पहुंचे। यहां उन्होंने अधिकारियों के औपचारिक व्यवहार से अलग हटकर सड़क किनारे बने ओटले पर रहवासियों के साथ बैठकर चाय पी।



इस दौरान उन्होंने लोगों से सफाई व्यवस्था के बारे में प्रतिक्रिया ली और पूछा कि वे सफाई से संतुष्ट हैं या नहीं। निगम आयुक्त की इस पहल को देखकर रहवासियों ने भी सराहना की। रात 2 बजे से शुरू हुए इस विशेष अभियान का उद्देश्य सुबह होने से पहले शहर की सड़कों को साफ करना था। निगम के सफाई अमले और मशीनों की मदद से रातभर अभियान चलाया गया, जिससे सुबह शहर की सड़कें साफ नजर आईं।